**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री संतोष सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| **14** (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि हनीमैन चौराहा गोमती नगर, लखनऊ में हनीमैन चौराहे के 1 कि0मी0 के दायरे में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर योजना लखनऊ के विराज खण्ड-1 में किन-किन हॉस्पिटलों को कितनी-कितनी भूमि आवंटित की गई है? | हनीमैन चौराहा गोमती नगर लखनऊ में हनीमैन चौराहे के 01 कि०मी० के दायरे में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर योजना लखनऊ के विराज खण्ड-1 में निम्नलिखित हास्पिटलों को निम्नानुसार भूमि आवंटित की गई है:-<br>**(1)** नेशनल होम्योपैथिक कालेज हास्पिटल आवंटित क्षेत्रफल 19418.00 वर्गमीटर।<br>**(2)** नेशनल होम्योपैथिक कालेज हरबल गार्डेन आवंटित क्षेत्रफल-5.00 एकड़।<br>**(3)** मेसर्स स्टारलिट मेडिकल सेंटर प्रा०लि० (मैक्स) आवंटित क्षेत्रफल 17482.03 वर्गमीटर + 91490.25 वर्गमीटर। |
| (ख) | क्या उन हॉस्पिटलों द्वारा आवंटित भूमि से अधिक भूमि अधिकृत कर ली गयी है? | हास्पिटलों द्वारा आवंटित भूमि से अधिक भूमि अधिग्रहित नहीं की गई है। |
| (ग) | क्या उनकी जॉच कराकर अनाधिकृत रूप से अधिकृत भूमि को अवमुक्त करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) | यदि नहीं, क्यों? | उपरोक्तानुसार। |
| (च) | क्या उसकी जॉच कराकर जॉच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ

मुख्य मंत्री।